# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा, कई यात्री घायल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जुलाई।** दिल्ली-मुंबई हाईवे एक्सप्रेसवे पर राजस्थान के दौसा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक यात्री बस और ट्रक की भीषण टक्कर के बाद आगजनी की घटना हो गई। इस हादसे में मध्य प्रदेश के

> ▸ **घायलों की सुध लेने राजस्थान पहुँचे चंबल कमिश्नर और श्योपुर के अपर कलेक्टर**

कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मध्य प्रदेश शासन के अधिकारी तुरंत एक्शन में आ गए हैं।

आज चंबल संभाग के कमिश्नर सुरेश कुमार शर्मा एवं श्योपुर के अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने तुरंत राजस्थान के



दौसा जिला अस्पताल पहुंचकर वहां भर्ती मध्य प्रदेश के सभी गंभीर घायलों से मुलाकात की। अधिकारियों ने मरीजों का हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

**अस्पताल प्रशासन से ली स्वास्थ्य की जानकारी :** चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार शर्मा ने अस्पताल के डॉक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों से घायलों के उपचार को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। श्योपुर के अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने भी पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि मध्य प्रदेश प्रशासन लगातार राजस्थान स्थानीय प्रशासन के संपर्क में है और घायलों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।



**हरिद्वार से इंदौर जा रही थी बस :** शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह स्लीपर बस यात्रियों को लेकर हरिद्वार/ऋषिकेश से मध्य प्रदेश के इंदौर की तरफ जा रही थी। बुधवार तड़के दौसा के कोलवा थाना क्षेत्र के पास एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे एक ट्रक से बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों में अचानक आग लग गई। बस में सवार अधिकांश यात्री मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के रहने वाले बताए जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और रेस्क्यू टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और घायलों को दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मध्य प्रदेश के प्रशासनिक अमले की इस त्वरित संवेदनशीलता से पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधा है। प्रशासन लगातार घायलों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्कूल रेडीनेस मेलों का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जुलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की साझेदारी में मध्यप्रदेश के श्योपुर जिला सहित भोपाल, रायसेन एवं टीकमगढ़ जिलों में समर कैम्प 2026 स्कूल के लिए तैयारी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के अंतर्गत आंगनवाड़ी से कक्षा-1 में प्रवेश लेने वाले 5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयीन शिक्षा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 जुलाई को द्वितीय स्कूल रेडीनेस मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के समन्वयक महेन्द्र यादव ने बताया कि गत 26 मई 2026 को जिले के 1238 आंगनबाडी केन्द्रो पर आयोजित प्रथम स्कूल रेडीनेस मेलों के माध्यम से 16102 बच्चों का आंकलन किया गया तथा 10193 अभिभावकों ने सक्रिय सहभागिता की। इसके उपरांत 1 जून 2026 से मातृ सहभागिता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन भाषा, गणित, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक एवं शारीरिक विकास से जुड़ी सरल एवं रोचक गतिविधियाँ व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से अभिभावकों तक पहुँचाई जा रही हैं।

अब इसी क्रम में द्वितीय स्कूल रेडीनेस मेले का आयोजन 02 जुलाई 2026 को जिले की समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जाएगा। इस मेले में पिछले एक माह की गतिविधियों के उपरांत बच्चों के विकास एवं सीखने के स्तर का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे यह जाना जा सकेगा कि समर कैम्प कार्यक्रम बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करने में कितना प्रभावी एवं उपयोगी सिद्ध हुआ है।

## वीबी जी राम जी के शुभारंभ पर कार्यक्रम आज

**श्योपुर, 1 जुलाई।** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी 1 जुलाई 2026 से प्रभावशील होगा। योजना के शुभारंभ अवसर पर 2 जुलाई को प्रातः 11 बजे से राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अनुक्रम में जिला स्तरीय जनसम्मेलन- सह- लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम निषादराज भवन में 2 जुलाई को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी संपन्न होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने बताया कि वीबी जी राम जी योजना की शुरूआत के अवसर पर 2 जुलाई को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।




# 16 हजार 754 श्रमिक परिवारों को मिला सम्बल का लाभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जुलाई।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सिवनी जिले में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत 16 हजार 754 श्रमिक परिवारों को 365 करोड रूपये की अनुग्रह सहायता राशि

> ▸ **श्योपुर जिले के 234 हितग्राहियों को मिली 5 करोड़ 3 लाख की राशि**

का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम किया गया।

उक्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला स्तर सहित नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतो में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। श्योपुर जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में संपन्न हुआ। जहां संबल योजना के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से राशि अंतरित करने के प्रमाण पत्र सौपे गयें। श्योपुर जिलें में 234 हितग्राहियों को 5 करोड 3 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान एनआईसी कक्ष श्योपुर में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, उपाध्यक्ष संजय महाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत श्योपुर जिले में 234 परिवारो को लाभ प्राप्त हुआ है, योजना के तहत हितग्राही परिवारो के बैंक खातो में 5 करोड 3 लाख रूपये की राशि अंतरित की गई है। सामान्य मृत्यु के प्रकरणों में 215 हितग्राही परिवारों को 4 करोड 30 लाख तथा दुघटना मृत्यु के प्रकरणों में 18 हितग्राहियों को 72 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदाय की गई। आंशिक स्थाई अपंगता के एक प्रकरण में एक लाख रूपये की राशि प्रदाय की गई। उल्लेखनीय है कि उक्त योजना के तहत सामान्य मृत्यु पर दो लाख रूपये तथा दुर्घटना में मृत्यु पर चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि पीडित परिवार को प्रदान की जाती है।

इस अवसर पर नगरपालिका श्योपुर के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से संबल योजना के तहत लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हितग्राही श्रीमती अफसाना, श्रीमती शांति, श्रीमती नूरनिशा एवं श्रीमती विंतोष बाई आदि को राशि अंतरित किये जाने के स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।

# खुरपका-मुहपका रोग की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान शुरू

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जुलाई।** पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत पशुओं में खुरपका-मुहपका रोग की रोकथाम के लिए जिले में टीकाकरण अभियान आज 01 जुलाई से शुरू किया गया है। उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे द्वारा विकासखण्ड कराहल के ग्राम सिलपुरी से टीकाकरण अभियान के 8वे चरण की शुरूआत की गई। इस अवसर पर खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरएन शाक्य आदि उपस्थित रहें।

उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एफएफडी टीकाकरण



अभियान के तहत श्योपुर जिले के कुल 3 लाख 65 हजार 596 पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के सफल संचालन हेतु पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की टीमों द्वारा पशुपालको के घर-घर जाकर टीकाकरण किया जायेगा। इसके लिए 50 के लगभग चिकित्सा अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी एवं गौसेवक आदि को नियुक्त किया गया है।

## डीपीओ ने किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण

**श्योपुर, 1 जुलाई।** महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम बाबू खरे द्वारा सलापुरा सेक्टर के ढेगदा, कलारना एवं हीरापुर स्थित आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी कराहल नितिन मित्तल, पर्यवेक्षक श्रीमती सुषमा सोनी भी मौजूद रही। डीपीओ श्री खरे द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बच्चों को मैन्यू अनुसार दिये जाने वाले भोजन और नाश्ते का अवलोकन किया गया तथा मैन्यू अनुसार भोजन नही देने पर ढेगदा-सी के स्वसहायता समूह देवनारायण को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही हीरापुर-ए की सहायिका के संबंध में उदासीनता, लापरवाही की शिकायत पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।



## जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन जारी

**श्योपुर, 1 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले के सभी जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन कराया जा रहा है। पीएचई ईइ अफजल अमानुल्ला ने बताया कि मानसून से पहले श्योपुर जिले के तीनो विकासखण्ड में क्लोरीनिकेशन का कार्य जारी है। अभी तक 107 ग्रामों में लगभग 600 पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीनिकेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा अगले एक सप्ताह में सभी जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## एक नजर में



### वंदेमातरम के साथ कार्यालयो में हुई कामकाज की शुरूआत

**श्योपुर, 1 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में माह जुलाई 2026 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया। इस अवसर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।



# खरीफ फसलों के लिए उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जुलाई।** प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने खरीफ फसलो के लिए उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये कि किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित की जायें।

> ▸ **बगैर फार्मर आईडी के भी मिलेगा खाद, ई विकास पोर्टल पर बुक करने की सुविधा**

सोसायटियों एवं मार्कफेड के डबल लॉक में पर्याप्त मात्रा में खाद का भण्डारण किया जायें। उन्होंने कहा कि हाल ही में कृभको कंपनी की रैक से प्राप्त होने वाले 1 हजार मै.टन एनपीके में से 500 मै.टन विपणन संघ एवं 500 मै.टन समितियों को आवंटित देने के निर्देश दिये। जिला पंचायत में आयोजित बैठक के दौरान उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, मार्कफेड प्रबंधक सतेन्द्र सिंह, कॉपरेटिव नोडल दिनेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

इस अवसर पर उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि श्योपुर जिले में अभी तक 20 हजार 672 किसानों को 13 हजार 452 मैट्रिक टन उर्वरक प्रदाय किया गया है। उन्होंने बताया कि खरीफ फसल के लिए अभी तक यूरिया- 16139 मै.टन, डीएपी- 4077 मै.टन, एसएसपी- 4536 मै.टन, एनपीके- 7274 मै.टन एवं एमओपी- 107 मै.टन इस प्रकार कुल 32133 मै.टन उपलब्ध हो चुका है। जिसके विरूद्ध अभी तक यूरिया- 7231 मै.टन, डीएपी- 2789 मै.टन, एसएसपी- 1123 मै.टन, एनपीके- 2290 मै.टन एवं एमओपी- 19 मै.टन इस प्रकार कुल 13452 मै.टन उर्वरक का वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से कृषकों को किया जा चुका है। ई-विकास प्रणाली के माध्यम से अभी तक 33356 टोकन जनरेट किये गये है एवं 20672 कृषकों द्वारा 13452 मै.टन उर्वरकों का उठाव किया गया है।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन : तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 1 जुलाई।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बाढ आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीईओ जिला पंचायत श्रीमती

> ▸ **जिले की प्रमुख नदियों एवं बांधो के जलस्तर की जानकारी प्रतिदिन दी जाए**

सौम्या आनंद ने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा चंबल, पार्वती सहित जिले की अन्य प्रमुख नदियों एवं बांधो के जलस्तर की जानकारी प्रतिदिन दी जायेगी। उन्होने कहा कि बचाव एवं राहत कार्यो के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें तथा होमगार्ड विभाग द्वारा टीमों को सर्तक रखा जायें। उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित सभी विभाग बाढ राहत के संबंध में एक्शन प्लान भू-अभिलेख शाखा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित होमगार्ड, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, पीएचई, स्वास्थ्य, पशुपालन, फूड, जल संसाधन, शिक्षा, खनिज, नगरपालिका, परिवहन, बीएसएनएल, बिजली आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने निर्देश दिये कि बाढ आपदा प्रबंधन के तहत पूर्व में आई बाढ एवं जल भराव की स्थिति के चलते जिले के 60 ग्राम संवेदनशील के रूप में चिन्हित किये गये है, इन ग्रामों में कोटवार सहित स्थानीय अमले का सर्तकता बरतने तथा आवश्यकता के समय जिला स्तर पर सूचना प्रदान करने हेतु निर्देशित किया जायें। इसके साथ ही उन्होने वर्षाकाल के दौरान जलभराव एवं बाढ आपदा की संभावना वाले क्षेत्रो में राहत शिविरों हेतु सुरक्षित स्थानों का चिन्हांकन किया जायें। पर्याप्त मात्रा में दवाओं के भण्डारण हेतु डिपो होल्डर बनाये जायें।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएचसी स्तर पर पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित की जायें तथा चिन्हित 60 गांव में आंगनबाडी केन्द्रों पर आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रखी जायें। परिवहन विभाग द्वारा सभी बस संचालको को निर्देश जारी किये जायें कि पुल और पुलियाओं पर पानी होने की स्थिति में पार न करें। कलेक्ट्रेट में संचालित जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

उन्होने कहा कि बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के समय कम्युनिकेशन कनेक्टीविटी बनी रहना चाहिए। किसी भी स्थिति में मोबाइल टावर बंद न हो, मोबाइल टावर कपंनियों के प्रतिनिधि यह सुनिश्चित करें कि अतिवर्षा, बाढ़ के समय मोबाइल नेंटवर्क चालू रहें। 08 घंटे बैट्री बैकअप के साथ ही जनरेटर की व्यवस्था रखी जायें। बाढ़ एवं अतिवर्षा के कारण बैटरियां खराब न हो, उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखा जाना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि राशन दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को पूर्व से ही आगामी 3 माह के राशन का एकमुश्त वितरण किया जा रहा है। उन्होने निर्देश दिये कि जिले के सभी जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकेशन कराया जायें, खनिज विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायें कि खदानो के गड्ढे के चारो ओर तार फेसिंग कर ली गई है।

# सब्जी मंडी के गोदाम में लगी आग, बारदाना व क्रेट जलकर राख

**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 1 जुलाई।** सबलगढ़ की सब्जी मंडी के गोदाम में अचानक आग लग गई जिससे बारदाना और प्लास्टिक क्रेट जलकर राख हो गए आग कूड़े के ढेर से भड़की और आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने में मदद की जिससे कई दुकानें बच गईं नुकसान का आकलन और आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

नगर की सब्जी मंडी स्थित एक गोदाम में बुधवार सुबह 11:30 बजे अचानक आग लग



जाने से हड़कंप मच गया देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे गोदाम में रखा लहसुन आलू-प्याज बारदाना प्लास्टिक क्रेट एवं कूलर पंखे समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है महीने की प्रत्येक 1 तारीख को वह सब्जी मंडी का अवकाश रहता है आग के कारणों की जानकारी नहीं मिल पा रही है अनुसार मंडी परिसर में आग भड़कने के कर्म का पता नहीं लग पाया जो धीरे-धीरे फैलते हुए सुरेश के गोदाम तक पहुंच गई आग की लपटें उठती देख आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई सूचना पर सबलगढ़ से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा बाद में 1 घंटे बाद झुंड पुरा कैलारस एवं गेल इंडिया की फायर ब्रिगेड पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने स्थानीय दुकानदारों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास की कई दुकानें इसकी चपेट में आने से बच गईं और एक बड़ा हादसा टल गया मंडी सचिव राजेंद्र प्रसाद मुद्गल का कहना मुझे जैसे ही सब्जी मंडी गोदाम में आग जानकारी मिली कुछ सब्जी व्यापारियों को मैंने फोन किया सबलगढ़ नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

## स्कूल परिसर में रेस्क्यू के दौरान कोबरा ने उगली मृत नागिन

**शिवपुरी, 1 जुलाई।** नरवर कस्बे के एक निजी विद्यालय में उस समय सनसनी फैल गई, जब नाग-नागिन की सूचना पर पहुंचे सर्पमित्र के सामने कोबरा ने अपने मुंह से एक मृत नागिन बाहर उगल दी। इस दुर्लभ घटना को देखकर मौके पर मौजूद लोग दंग रह गए। घटना का वीडियो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, सर्पमित्र सलमान पठान को विद्यालय परिसर में नाग-नागिन का जोड़ा दिखाई देने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर उन्हें केवल एक कोबरा दिखाई दिया।


**IN THE COURT OF III CIVIL JUDGE CLASS-I, DISTRICT COURT, GWALIOR**
**Presiding Officer: सक्षम नरूला**
**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु**
**Process ID-15/2026 (COMMS/0000028/2026) पेशी दिनांक: 05/08/2026**
**बैंक ऑफ बड़ौदा..............................वादी**
VS
**मेसर्स गुरु कृपा ट्रेडर्स ..............................प्रतिवादी**

**प्रेषिती- (1) मेसर्स गुरु कृपा ट्रेडर्स**
पता- प्रोपराईटर द्वारा अतुल तिवारी जीएल 356 कुशवाह मार्केट दीन दयाल नगर गिर्द ग्वालियर
**(2) अतुल तिवारी पिता उमेश तिवारी** पता- जीएल 356 कुशवाह मार्केट दीन दयाल नगर गिर्द ग्वालियर

यह कि प्रार्थी **बैंक ऑफ बड़ौदा** ने आपके विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख **17 जून 2026** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**न्यायाधीश, (सक्षम नरूला)** विशेष न्यायाधीश, वाणिज्यिक न्यायालय ग्वालियर (म.प्र.)
नोट: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।